दिनांक 08.11.2026
प्रेस विज्ञाप्ति

कार्यालय अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन , आगरा।

जनपद अलीगढ़ /थाना खैर

- **पुलिस कार्यवाही में 10 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार**

थाना खैर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 501/2026 धारा 305/ 331(4)/317(2) बीएनएस में वांछित 10 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त समीर पुत्र जलालुद्दीन उर्फ जल्लू निवासी मौ० व्यापारयान रूनकता थाना सिकन्दरा जनपद आगरा को थाना क्षेत्र खैर से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त

- समीर पुत्र जलालुद्दीन उर्फ जल्लू निवासी मौ० व्यापारयान रूनकता थाना सिकन्दरा जनपद आगरा

जनपद मथुरा/थाना छाता

- **पुलिस कार्यवाही में मुठभेड के दौरान लूट की घटना कारित करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार**

थाना छाता पुलिस टीम ,सर्विलांस टीम मथुरा एवं स्वाट टीम जनपद मथुरा की संयुक्त कार्यवाही द्वारा दिनांक 07.11.2026 को लूट की घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण को समय करीब 20:45 बजे संस्कृति यूनिवर्सिटी फ्लाई ओवर NH-19 हाईवे के पास घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया तो पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किए गए , पुलिस पार्टी द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त राहुल पुत्र प्रकाश निवासी यमुना रोड छायसा थाना छायसा जिला फरीदाबाद (हरियाणा) उम्र 32 वर्ष के के बांए पैर में गोली लगने से घायल हो गया तथा दूसरा

अभियुक्त मौके से फरार हो गया। घायल अभियुक्त राहुल उपरोक्त को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना छाता पर मु0अ0सं0 574/2026 धारा 109(1) बी0एन0एस0 व 5/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>

राहुल पुत्र प्रकाश निवासी यमुना रोड छायसा थाना छायसा जिला फरीदाबाद (हरियाणा)

<u>अभियुक्त राहुल उपरोक्त से बरामदगी का विवरण-</u>

1. लूटे गये 2,13,740 रूपये में से 52500 रूपये
2. 01 मोटर साईकिल
3. 01 तमंचा. 315 बोर
4. 03 खोखा कारतूस. 315 बोर
5. 02 जिन्दा कारतूस. 315 बोर

<u>अभियुक्त का आपराधिक इतिहास -</u>

1. मु0अ0सं0 562/2026 धारा 309(4)/317(2) बी0एन0एस0 थाना छाता जनपद मथुरा।
2. मु0अ0सं0 574/2026 धारा 109(1) बी0ए0एस0 व 5/25/27 आर्म्स एक्ट थाना छाता जनपद मथुरा।
3. मु0अ0सं0 694/2019 धारा 406/411/420 भा0द0वि0 थाना जेवर जनपद गोतमबुद्ध नगर।
4. मु0अ0सं0 713/2019 धारा 406/411/420 भादवि0 थाना जेवर जनपद गोतमबुद्ध नगर।
5. मु0अ0सं0 286/2020 धारा 2/3 गैगेस्टर एक्ट थाना जेवर जनपद गोतमबुद्ध नगर।
6. मु0अ0सं0 750/2019 धारा 406/411/420 भा0द0वि0 थाना कोसीकला जनपद मथुरा।

7. मु0अ0सं0 769/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर ।

8. मु0अ0सं0 620/2025 धारा 112/305/317(2)/317(4)/331(4) बी0एन0एस0 थाना इग्लास जनपद अलीगढ ।

9. मु0अ0सं0 686/2025 धारा 112/304/317(2)/317(4) बी0एन0एस0 थाना इग्लास जनपद अलीगढ ।

10. मु0अ0सं0 701/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना इग्लास जनपद अलीगढ ।

11. मु0अ0सं0 594/2025 धारा 318(4) बी0एन0एस0 थाना बन्नादेवी जनपद अलीगढ ।